तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 19 नवंबर 2025

9 सांसद नवीन जिन्दल युवाओं की खेलों में रुचि बढ़ाने...



9 केंद्रीय मंत्री ने किया डा. धर्मदेव की 52वीं पुस्तक का विमोचन



## खबर संक्षेप

### रंजिशन बाइक को मारी टक्कर, दो गंभीर

**जींद।** गोहाना रोड फ्लाईओवर नाका के निकट तेज रफतार स्कोर्पियो गाड़ी से बुलेट बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने घायलों की शिकायत पर चालक के खिलाफ हमला करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

### नशीला पदार्थ सुंघा सोने की चूड़ी चोरी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** ऑपरेशन ट्रेक डाउन तहत नशीला पदार्थ सुंघाकर महिला से सोने की चूड़ियां चोरी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा एक आरोपी को काबू किया है। जिससे पूछताछ दौरान इस तरह की 5 अन्य वारदात सुलझी है। आरोपी पर इससे पूर्व भिवानी, रोहतक, जींद व हिमाचल प्रदेश चोरी के 8 मामले दर्ज है।

### बाइक सवारों ने बातों में उलझा अंगूठी हड़पी

**जींद।** उचाना मंडी रजबाहा पटरी से साइकिल पर घर जा रहे व्यक्ति की को दो बाइक सवारों ने बातों में उलझा कर सोने की अंगूठी हड़प ली और फरार हो गए। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

### ताला तोड़कर हजारों का सामान चुराया

**राजौंद।** गांव किछाना के प्राइमरी स्कूल में अज्ञात ने आंगनवाड़ी व स्कूल के स्टोर रूम के ताले तोड़कर तीन सिलेंडर इनवर्टर व एक बैटरी चोरी कर लिया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की 112 ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। मुख्य शिक्षक राज कपूर व शिक्षक रविंद्र सिंह ने बताया की सोमवार को सुबह जब लगाईं गई सफाई कर्मी सफाई करने के लिए स्कूल में पहुंची तो,उसे स्कूल के स्टोर रूम का ताला टूटा मिला।

### मकान से चार लाख रुपये की नकदी चोरी

**जींद।** मॉडल टाउन नरवाना में घर से चार लाख रुपये की नगदी गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मॉडल टाउन निवासी राजबाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने चार लाख रुपये की नगदी अपने घर की अलमारी में रखी थी।

### प्लाट का फर्जी इकरारनामा करवा 2.80 लाख रुपये ठगे

**कैथल।** सिविल लाइन पुलिस ने षड्यंत्र के तहत प्लाट का फर्जी इकरारनामा के आधार पर 280000 रुपए हडपने के आरोप में पूर्व पार्षद सहित दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में रतनलाल निवासी बालाजी कॉलोनी ने बताया कि वह गौरव ढुल को जानता था। गौरव ने उसे कहा कि वह उसे एक प्लॉट कम दामों में दिलवा सकता है।

### बस में महिला यात्री के बैग से जेवर-नकदी चोरी

**जींद।** नरवाना से रोडवेज बस में गांव कालवन जा रही महिला यात्री के बैग से किसी व्यक्ति ने सोने के जेवरात तथा नगदी वाला पर्स चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

### पूंडरी में आज निकाला जाएगा यूनिटी मार्च

**पूंडरी।** जिला प्रशासन कैथल एवं मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन 19 को पूंडरी में किया जाएगा। कार्यक्रम भारत के लौह पुरुष की अदम्य राष्ट्रभक्ति, अटूट संकल्प शक्ति व देश की एकता-अखंडता के प्रति योगदान को स्मरण करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा।

## नागरिक अस्पताल: ओपीडी के बाहर टोकन सिस्टम शुरु करने के निर्देश

**जल्द से जल्द पूरा किया जाए निर्माण कार्य**

**अतिरिक्त उपायुक्त ने किया अस्पताल में 14.91 करोड़ से चल रहे जीर्णोद्धार के कार्य का निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में 14.91 करोड़ से चल रहे जीर्णोद्धार के कार्य का मंगलवार को एडीसी विवेक आर्य ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से कहा कि अब ग्रैप 3 लागू होने से मैटीरियल नही मिल पाएगा। यह कार्य अब से पहले हो जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने ओपीडी के बाहर टोकन सिस्टम शुरू करने की बात की ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि नागरिक अस्पताल में लगभग 15 करोड़ रुपये की राशि से जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। वैसे तो यह कार्य अब तक पूरा हो जाना चाहिए था लेकिन आगामी दो महीने में भी कार्य पूरा नहीं हो पाएगा। इस पर एडीसी विवेक आर्य ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि यह कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने कहा कि लेबर की समस्या के कारण काम समय पर नहीं हो पाया। एडीसी ने कहा कि अब ग्रैप 3 लागू हो चुका है, ऐसे में मैटीरियल नहीं मिल पाएगा। आपको पता था कि इस महीने में ग्रैप 3 लागू हो सकता है। इसलिए यह कार्य अब तक पूरा हो जाना चाहिए था। उन्होंने जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।



जींद। नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते एडीसी विवेक आर्य।

**जल्द होगा रेनोवेशन का कार्य पूरा**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया ने कहा कि शवगृह की बिल्डिंग को लेकर इंस्पेक्शन पेंडिंग हैं। उम्मीद है जल्द ही रेनोवेशन का काम पूरा हो जाएगा।

**तेजी से करवाया जा रहा काम**

पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के एक्सईएन राजकुमार नैन ने कहा कि एडीसी विवेक आर्य ने अस्पताल में जो जीर्णोद्धार का कार्य करवाया जा रहा हैए उसका मुआयना किया गया है। बहुत तेजी से यहां काम चल रहा है। उम्मीद है अगले दो माह में कार्य पूरा हो जाएगा।

**जल्द प्रारंभ होगा टोकन सिस्टम**

एडीसी ने चिकित्सकों की ओपीडी के बाहर टोकन सिस्टम जल्द शुरू करने की बात कही। एडीसी ने आयुष्मान कार्यालय का निरीक्षण किया और आयुष्मान कार्ड को लेकर आमजन को किसी तरह की परेशानी नहीं आए, इसे लेकर दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद एडीसी ने सीटी स्कैन सेंटर के बाहर बनाई जा रही पार्किंग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के लिए बनाए जा रहे एंबुलेंस रास्ते का निरीक्षण किया। इस मौके पर कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकरी डा. रघुबीर पूनिया, सीनियर डेंटल सर्जन डा. दिनेश भी मौजूद रहे।

## जिला परिषद हाउस की छह माह के बाद हुई बजट बैठक

## जन संवाद में आए कामों को जिप ग्रांट से करवाने के प्रस्ताव का विरोध

**12.10 करोड़ की ग्रांट से विकास कार्य करवाने को लेकर चर्चा**

**अधिकारियों को जल्द कार्रवाई कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला परिषद हाउस की करीब छह माह बाद हाउस की बैठक मंगलवार को चेयरपर्सन मनीषा रंधावा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कुल 12 करोड़ 10 लाख 76 हजार 398 रुपये की ग्रांट से विकास कार्य करवाने को लेकर चर्चा हुई। इस ग्रांट में छह करोड़ 13 लाख 66 हजार 682 रुपये स्टांप ड्यूटी के और अन्य ग्रांट सरकार से प्राप्त हुई है। बैठक में 25 में से 19 जिला पार्षद और चार ब्लाक समिति चेयरमैन पहुंचे। हाउस में उपस्थित जिला पार्षदों और ब्लाक समिति चेयरमैन ने सर्वसम्मति से ग्रांट वितरण का अधिकार चेयरपर्सन मनीषा रंधावा को दिया। जन संवाद कार्यक्रमों में आए कामों को जिला परिषद की ग्रांट से करवाने के जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर पार्षदों ने असहमति जताई। जिला परिषद की छह दुकानों की रिपेयर करवाई गई है। जिसके चलते करीब साढ़े चार माह ये दुकानें बंद रही। इसलिए इस साढ़े चार माह की अवधि का किरायेदार दुकानदारों का किराया माफ करने का फैसला भी इस बैठक में लिया गया। जिला पार्षदों ने हाउस में अपने वार्डों की समस्याएं भी रखी। बैठक में बिजली निगम, बीएंडआर और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर एडीसी एवं जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक आर्य ने नोटिस जारी कर जवाब मांगने के आदेश दिए। पार्षदों ने हाउस में जो समस्याएं रखी, उनका संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द कार्रवाई कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए। वार्ड एक के पार्षद गुरमेल ने कहा कि उनके वार्ड में पंजाब जिले के साथ लगते गांवों में काला पीलिया काफी संख्या में मरीज हैं। वे इस मुद्दे को तीन साल से उठा रहे हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। एडीसी ने डिप्टी सिविल सर्जन डा० पालेराम से कहा कि वहां सैंपल करवा कर एक सप्ताह में रिपोर्ट दें। वार्ड 11 की पार्षद मुकेश देवी ने कहा कि उनके क्षेत्र में पेयजल की गंभीर समस्या है। सप्लाइ के पानी में गंदगी आ रही है। पिछली बैठक में भी ये समस्या रखी थी। बिजली लाइन के तार भी ढिल्ले हैं। उनको ठीक करवाया जाए। पार्षद वजीर ने सिल्लाखेड़ी गांव के तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग रखी। वहीं पार्षदों ने गांवों में बस सर्विस का भी मुद्दा उठाया। जिन रूटों पर बस नहीं जा रही या फेरे कम हैंए वहां बसें चलाने की मांग की।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा। फोटो :हरिभूमि

**पार्षदों ने क्षेत्र की समस्याएं रखी**

जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रंधावा ने कहा कि ग्रांट वितरण को लेकर हाउस की बैठक हुई है। साथ ही विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। पार्षदों ने अपने क्षेत्र की समस्याएं भी रखी हैं। सभी पार्षदों से उनके वार्डों के कामों की सूची जल्द देने के लिए कहा गया है ताकि उनके एस्टीमेट तैयार करवा कर काम शुरू करवाए जा सकें। स्टांप ड्यूटी व सरकार से जो ग्रांट प्राप्त हुई है, उससे स्कूलों में कमरे, शेड, वाटर कूलर, जिम व लाइब्रेरी हाल बनाने सहित अन्य काम करवाए जाएंगे।

## गली उखाड़कर बनाना भूल गया विभाग

**दो महीने पहले उखाड़ी थी नागरिक हो रहे परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

खंड के गांव नीम वाला की मुख्य गली को दो महीने पहले उखाड़ दिया गया, परन्तु अभी तक भी गली को ठीक नहीं किया गया। जिससे गली से खाली गुजरना भी मुश्किल होकर रह गया है। लेकिन संबंधित विभाग इस ओर लंबी तानकर सोया हुआ है। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। इस बारे ग्रामीण इंद्र,प्रेम, नरसी, सुनील, रामकरण, सतीश, सुदेश आदि ने बताया कि गली के किनारे पड़ी उखाड़ी हुई इंटों और गड्ढों के कारण मोटरसाइकिल, स्कूटी इत्यादि वाहनों पर गुजरने वाले वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। आलम यह है कि कई बार यह टू व्हीलर वाहन चालक घटना का शिकार भी हो चुके हैं। प्रशासन पंचायत को बार-बार कहने के बावजूद भी समस्या का कोई समाधान नहीं किया जा रहा इसे लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। उन्होंने ने बताया कि दो महीनों से यह स्थिति बनी हुई हैऔर हमें मजबूरन हर रोज इस गली से गुजरना पड़ता है। लोगों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि इस गली को शीघ्र बनाया जाए ताकि उन्हें कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।



राजौंद। गांव नीम वाला में उखाड़ी गई गली का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

## गांव कवारतन में विवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

**विवाहिता की मां की शिकायत पर पति सहित तीन पर केस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव कवारतन में 35 वर्षीय विवाहिता किरणा ने चुनरी से पंखे पर फंदा लगा आत्महत्या कर ली। मामले में सीवन थाना पुलिस ने विवाहिता की मां की शिकायत पर पति सहित तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मृतका की मां ने सीवन थाना में शिकायत दी है। सीवन थाना पुलिस को दी शिकायत में जींद निवासी विवाहिता की मां मूर्ति देवी ने बताया कि उसकी बेटी किरणा की शादी 15 साल पहले कवारतन निवासी राजेश के साथ हुई थी। इसके अलावा बड़े बेटे सोनू की शादी प्रियंका के साथ कवारतन निवासी किरणा के जेठ बीरभान ने करीब ढ़ाई साल पहले करवाई थी। जबकि इससे पहले प्रियंका की शादी बीरभान के भाई कृष्ण के बेटे गौरव के साथ कवारतन में हुई थी। इसके बाद यहां से उसका तलाक हो गया था। प्रियंका ने शादी के कुछ दिन बाद से ही उनके साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया था।

### 296 किलो 255 ग्राम डोडापोस्त बरामद की

**कैथल।** ऑपरेशन ट्रेक डाउन तहत एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा थाना शहर क्षेत्र से गाड़ी में नशा तस्करी कर रहे एक आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 296 किलो 255 ग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ है। बरामद नशे की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपए आंकी जा रही है। प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान अंडर ब्रिज खनौरी बाईपास कैथल के पास मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि एक एक्सयूवी 500 गाड़ी में 2 व्यक्ति सवार है जो गाड़ी में भारी मात्रा में डोडा पोस्त लिए है। जो बाईपास होते पंजाब की तरफ जाएगे। जिन्हे नाकाबंदी करके काबू किया जा सकता ।

## कार से 27.570 चूरा पोस्त व दो किलो 705 ग्राम अफीम बरामद

**एमपी से कार में तस्करी कर लाया जा रहा था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो की टीम ने गांव खटकड़ टोल प्लाजा पर कार से 27 किलो 570 ग्राम डोडा चूरा पोस्त तथा दो किलो 705 ग्राम अफीम बरामद कर तस्कर को काबू किया है। नशे की एमपी से तस्करी कर फतेहबाद ले जाया जा रहा था। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तस्कर के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। हरियाणा स्टेट नारोटिक्स क्राइम ब्यूरो सिरसा यूनिट खडकड़ टाले प्लाजा पर नजर रखे हुई थी। उसी दौरान सूचना मिली कि एमपी से नशे का तस्करी कर नरवाना की तरफ जाया जा रहा है। कुछ समय के बाद पुलिस ने जींद की तरफ से आ रही कार को रूकने का इशारा किया। चालक ने कार को मोड कर वापस ले जाने की कोशिश की। जिस पर पुलिसकर्मियों ने कार को काबू कर लिया। जब कार की डिग्गी की तलाशी ली गई तो उसमें कट्टा भरा मिला। जिसमें जांच में 27 किलो 570 ग्राम चूरा पोस्त तथा दो किलो 705 ग्राम अफीम पाई गई। पुलिस पूछताछ में कार सवार व्यक्ति की पहचान ढाणी डूल्ट फतेहबाद निवासी रजनीश के रूप में हुई।



ढांड। बस पास को लेकर रोष जताते शहीद प्रेम सिंह वमावि कौल के विद्यार्थी।

**निजी बस संचालकों की मनमर्जी से विद्यार्थी परेशान**

**ढांड।** शहीद प्रेम सिंह वमावि कौल के छात्र-छात्राओं ने सरकार द्वारा जारी बस पासों को प्राइवेट बसों में मान्यता न मिलने पर विरोध जताया। छात्रों के अनुसार, पास जारी दो माह से अधिक समय हो चुका है, लेकिन विद्यालय समय के अनुसार सरकारी बसों का कोई निश्चित समय तय नहीं है। ऐसे में बच्चे प्राइवेट बसों में आने-जाने को मजबूर हैं, जबकि प्राइवेट बस संचालक पास को मानने से मना कर देते हैं और कई बार तेज भाषा का भी उपयोग करते हैं। समस्या के समाधान की मांग को लेकर आज कई विद्यार्थी विद्यालय परिसर में एकत्र हुए। प्रिंसिपल रीना रानी ने कहा कि बच्चों को यह समस्या काफी समय से आ रही है। ऐसे में उनका इकट्ठा होना बिल्कुल जायज है। जैसे ही यह मामला हमारे संज्ञान में आया, पत्रकारों ने भी यह मुद्दा हमारे समक्ष रखा, ताकि इसका शीघ्र समाधान हो सके।"प्रिंसिपल ने परिवहन मंत्री एवं हल्का विधायक सतपाल जाम्बा से समस्या को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने की अपील की है।

### संदिग्ध मौत पर दो छोटे भाइयों पर हत्या का केस

**जींद।** गांव सिंघाना में लगभग पौना महीने पहले हुई व्यक्ति की संदिग्ध मौत बाइक से चोट लगने के कारण नही बल्कि उसके दो छोटे भाइयों द्वारा की गई मारपीट के कारण हुई थी। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर दोनों भाइयों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव सिंघाना निवासी सुकरमा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दस अक्टूबर को उसके पति पवन के साथ उसके देवर सतबीर तथा राजेश ने मारपीट की थी। जिसमें उसके पति को गंभीर चोटें आई थी। जिसकी गत 26 अक्टूबर को पीजीआई में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने पुलिस को बताया था कि मृतक पवन को चोटें बाइक से गिर कर लगी थी।



जींद। सीआरएसयू के सामने जाम लगाए छात्र। फोटो :हरिभूमि

**विद्यार्थियों ने सीआरएसयू के सामने लगाया जाम**

**जींद।** सीआरएसयू के दो छात्रों पर जानलेवा हमले के आरोपितों को गिरफ्तार करने तथा सिविल लाइन थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर छात्रों ने सीआरएसयू के सामने जाम लगा दिया। छात्रों के बीच पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला भी पहुंचे और छात्रों की मांग का समर्थन किया। बाद में डीएसपी ने मौके पर पहुंच कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम को खुलवाया। विवि के बुलेट सवार दो छात्रों के साथ स्कार्पियो गाड़ी से रंजिशन टक्कर मार जानलेवा हमले से खफा छात्रों ने आरोपित कार्तिकेय की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीआरएसयू के सामने जाम लगा दिया। छात्रों कहना था कि रंजिशन के चलते दोनों छात्रों को गाड़ी से टक्कर मारी गई है। जिसमें एक छात्र के हालात गंभीर बने हुए हैं। सिविल लाइन थाना प्रभारी का रैवया मामले को लेकर सही नही था। पुलिस आरोपित को बचाने की कोशिश कर रही है। आरोपित के विदेश भागने का भी खतरा है। उसी दौरान डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला भी छात्रों के बीच पहुंचे।

**रेल अधिकारियों की टीम जींद पहुंची, राहत की उम्मीद बढ़ी**

## खुशखबरी: भिवानी रोड अंडरपास का काम प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार भिवानी रोड अंडरपास का काम पटरी पर आता दिखाई दे रहा है। दिल्ली से रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारियों की विशेष टीम जींद पहुंच चुकी है। अब रेलवे विभाग यहां अपना काम शुरू करेगा। जींद विकास संगठन के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डाण राजकुमार गोयल का कहना है कि पिछले तीन साल में अंडरपास का निर्माण कार्य कई बार शुरू तो कई बार खत्म हो चुका है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस बार ऐसा न करें। अंडरपास का निर्माण कार्य पूरा करके ही पीछे हटे। राजकुमार गोयल ने कहा कि अंडरपास के निर्माण कार्य के नाम पर भिवानी रोड को ह्म्द्धह्व साल से बंद किया हुआ है। जिसके चलते भिवानी रोड की दर्जनों कॉलोनियों के हजारों लोग प्रभावित होकर रह गए है। यहां तीन साल से काम धंधे पूरी तरह से ठप है। यह देश का शायद पहला उदाहरण है जहां एक छोटे से अंडरपास के लिए पूरे रोड को तीन साल से बंद रखा हुआ है। पिछले तीन महीने से तो यहां निर्माण कार्य ही रूका हुआ है। पिछले तीन साल से बंद पडे इस अंडरपास की वजह से यहां की दर्जनों बस्तियों अजमेर बस्ती, खेम नगर, बाल आश्रम बस्ती, भूपेंद्र नगर, गुप्ता कॉलोनी के 15 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित है। इस रोड के बंद होने से देवीलाल चौक से भिवानी रोड जाने वाले लोगों को रोहतक रोड बाईपास से घूमकर आना-जाना पड़ता है।



जींद। भिवानी रोड अंडरपास का निरीक्षण करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ होगा**

गोयल का कहना है कि अब उन्हे उम्मीद जगी है कि यह अंडरपास इस बार जरूर पूरा होगा। उन्होंने साथ ही यह भी कहा है कि पिछले तीन साल में अंडरपास का निर्माण कार्य कई बार शुरू तो कई बार खत्म हो चुका है। उन्होंने प्रशासन से विशेष तौर पर यह मांग की है कि इस बार ऐसा न करें। अंडरपास का निर्माण कार्य पूरा करके ही पीछे हटे।

## आज दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर रहेगा साढ़े सात घंटे ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिल्ली.बठिंडा रेलमार्ग पर बहादुरगढ़-आसौदा के बीच पुल संख्या 62 पर आरसीसी स्लैब रखने का कार्य बुधवार किया जाना है। यह कार्य सुबह 10:15 बजे से शाम 5:45 बजे तक चलेगा। जिसके चलते इस रेलमार्ग से गुजरने वाली कई एक्सप्रेस और पैसेंजर गाडियां रद्द रहेंगी। रेलगाडियां रद्द रहने के चलते यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बहादुरगढ़-आसौदा के बीच पुल संख्या 62 पर आरसीसी स्लैब रखने को लेकर कई गाड़ियों का आवागमन प्रभावित रहेगा। यह ब्लॉक गाड़ी संख्या 20424 पातालकोट एक्सप्रेस और 20409 दिल्ली सराय रोहिल्ला-भठिंडा इंटरसिटी के बहादुरगढ़ से गुजरने के बाद शुरू किया जाएगा। मंगलवार को 54034 जींद-पुरानी दिल्ली पैसेंजर रद्द रहेगी। बुधवार को 64912 ईएमयू रोहतक-दिल्ली, 54032 डीजे पैसेंजर, 64932 जींद-दिल्ली ईएमयू, 64915 ईएमयू-दिल्ली-रोहतक, 54031 दिल्ली-जींद पैसेंजर, 54035 जाखल पैसेंजर, 64931 दिल्ली-जींद ईएमयू रद्द रहेगी। 12481 इंटरसिटी एक्सप्रेस रोहतक तक ही आवागमन करेगी। इस ट्रेन को रोहतक तक ही चलाया जाएगा।



# पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने निकले रणवीर, माधवन ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें रणवीर के अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे धुरंधर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में अर्जुन रामपाल नजर आते हैं। संवाद सुनाई देते हैं, '1971 की जंग के बाद पाकिस्तान में बड़ा उदास सा माहौल था। ट्रेलर में फिर एंट्री होती है रणवीर सिंह और आर.माधवन की, जो पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने की रणनीति बनाते हैं। वहां से आतंकवाद का खात्मा करने की बात करते हैं। रणवीर मिशन पर निकले हैं। माधवन उनसे कहते हैं, 'सर, मुंह तोड़ने के लिए मुट्ठी बंद करना जरूरी है। वह भारत के खिलाफ अगर नींद में भी सोचे तो उसके ख्वाब में भी हम भारत में बैठे नजर आने चाहिए'।

## लाइफ Style

# सारा
## देइवा थिरुमगल ने दिलाई पहचान



2005 में जन्मी सारा अर्जुन एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं और चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम की शुरुआत कर चुकी हैं। वह सिर्फ 1 साल की थीं जब वह अपने माता-पिता के साथ एक मॉल गई थीं। एक ऐड फिल्म मेकर की नजर पड़ी और उन्हें उनका पहला कमर्शियल मिल गया। उन्हें 2011 की तमिल फिल्म देइवा थिरुमगल ने खूब पहचान दिलाई।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


सारा अर्जुन विक्रम की बेटी का किरदार निभाया था। इन सालों में वह एक थी डायन, सैवम और सांड की आंख में नजर आईं। रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डायरेक्टर आदित्य धर की इस फिल्म ने फाइनली अपनी एक दमदार झलक पेश की और सोशल मीडिया पर सेंसेशन क्रिएट की। सोशल मीडिया पर फिल्म के एक्शन, डायलॉग से लेकर लुक्स तक की चर्चा हो रही है। इस बीच रणवीर सिंह और सारा अर्जुन की जोड़ी की भी बातें हैं। सारा जो कि 20 साल की हैं पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस पर्दे पर आ रही हैं और वो भी सीधे रणवीर सिंह के साथ। रणवीर बड़े स्टार होने के साथ साथ उम्र में भी सारा से बड़े हैं। रणवीर से फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सारा और अपने एज डिफ्रेंस और उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर बात की। ट्रेलर लॉन्च पर रणवीर ने सारा अर्जुन की तारीफ करते हुए कहा, मैं बहुत लकी हूं कि तुम्हारी इस स्पेशल मोमेंट का हिस्सा हूं, सारा अपने काम में बहुत माहिर हैं। आपको धीरे-धीरे पता चल जाएगा। कभी डकोटा फैनिंग हॉलीवुड में आईं। आज सारा इस बात को साबित करती हैं कि इस पोजीशन तक पहुंचने के लिए आपको कई हजार कैंडिडेट्स को पीछे छोड़ना पड़ता है।

## हॉलीवुड मसाला

# टॉम क्रूज ने जीता अपना पहला ऑस्कर



**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को 'गवर्नर्स अवाड्र्स' में अपना पहला ऑस्कर मिला। 16 नवंबर को हॉलीवुड के रे डॉल्बी बॉलरूम में कोरियोग्राफर और एक्टर डेबी एलन और प्रोडक्शन डिजाइनर व्यान थॉमस को भी इस स्टार-स्टडेड समारोह में सम्मानित किया गया। एक्टर को मिशन इम्पॉसिबल सीरीज और टॉप गन फ्रेंचाइजी जैसी बड़ी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। एक्टर को वो अवॉर्ड फिल्म निर्माता एलेजांद्रो जी. इनारिटु ने दिया अवॉर्ड लेते वक्त 63 वर्ष के एक्टर टॉम क्रूज ने उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने फिल्मों को संभव बनाया। एक्टर ने अपने भाषण में कहा, 'सिनेमा मुझे दुनिया भर में ले जाता है।





# अकादमी अवॉर्ड्स के लिए जा रही 'ह्यूमन्स इन द लूप'

**लॉस एंजिल्स।** 'ह्यूमन्स इन द लूप' झारखंड की रहनेवाली एक आदिवासी महिला नेहमा की कहानी है। उसके ढुकू विवाह और एआई के युग में उसकी परेशानियों को लेकर है। अरण्य सहाय के डायरेक्शन में बनी फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है। इसे फिल्म इंडिपेंडेंट स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट से सम्मानित किया गया है, क्योंकि यह फिल्म अकादमी अवॉर्ड्स के लिए जा रही है। फिल्म इंडिपेंडेंट और अल्फ्रेड पी. स्लोन फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट, उन फिल्मों को मिलता है, जो विज्ञान या टेक्नोलॉजी के विषयों या किरदारों से जुड़ी होती हैं। अमेरिका में सिनेमाघरों में रिलीज होने और दूसरे अन्य मानदंडों को पूरा करने के बाद, यह फिल्म आधिकारिक तौर पर 98वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए जा रही है, जहां यह बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले कैटेगरी में टक्कर देगी।



# बड़े मियां छोटे मियां ने फ्लॉन्ट किए सिक्स-पैक एब्स

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरफिट जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। दोनों मुंबई के जुहू बीच पर शर्टलेस नजर आए। दोनों समंदर में जमकर मस्ती करते दिखे और अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट की। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। अक्षय कुमार ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इस वीडिया में अक्षय के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अक्षय और टाइगर के अलावा कई लोग समंदर में वॉक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय ने मजेदार कैप्शन लिखा 'ओशन्स 9 जुहू बीच एडिशन'। इस वीडियो में दोनों की परफेक्ट सिक्स-पैक एब्स देखकर फैंस हैरान रह गए हैं। 58 साल की उम्र में अक्षय कुमार की शानदार फिटनेस देखकर फैंस खुद को कमेंट्स करने से रोक नहीं पाए।



# एनबीके 111 से सामने आया नयनतारा का शाही लुक

**मुंबई।** साउथ लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'एनबीके 111' में नजर आएंगी। फिल्म से नयनतारा का खास लुक शेयर किया गया, जिसमें वह शाही लुक में नजर आईं। कैप्शन में लिखा, 'वह रानी जो महासागरों की शांति और तूफानों के प्रकोप को वहन करती है।' एनबीके 111 का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। एनबीके111 के अलावा नयनतारा निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गरु' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ मेगास्टार चिरंजीवी नजर आएंगी। इन फिल्मों के अलावा नयनतारा साउथ स्टार यश के साथ फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।

## टीवी मसाला

# विशाल 25 साल की कोशिश के बाद पहुंचे कौन बनेगा करोड़पति में

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' को अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। बीते एक एपिसोड में जहां 'फैमिली मैन 3' की कास्ट मनोज बाजपेयी, जयदीप अहलावत और शरीब हाश्मी आए थे। वहीं, अब 'इंडियन आइडल' के जज विशाल ददलानी भी बतौर गेस्ट शो में पहुंचे हैं और वहां से फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर शेयर कर जानकारी दी है।



बताया कि उनका 25 साल पुराना सपना सच हो गया। विशाल ददलानी अब अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की हॉट सीट पर बैठेंगे। विशाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि केबीसी में आना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। गायक ने उस समय के बारे में याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने शो में आने के लिए मैसेज भेजे थे। विशाल ने लिखा, 'यह 25 साल पुराना सपना सच हो गया। मैं हमेशा से कौन बनेगा करोड़पति में आना चाहता था। सिंगर ने केबीसी में पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं मैसेज भेजता था, टीवी पर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट गेम खेलता था और पूरी कोशिश करता था। और, फाइनली मैं पहुंच ही गया।' विशाल ने सोनी टीवी को उन्हें हॉट सीट पर भेजने के लिए थैंक यू कहा। साथ ही अमिताभ बच्चन को भी शुक्रिया बोला। जैसे ही विशाल और अमिताभ बच्चन की फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई, लोगों के रिएक्शन भी आने शुरू हो गए। फराह खान ने लिखा, 'उम्मीद करती हूं कि तुमने कुछ पैसे भी जीते होगे।' इस पर विशाल ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मुझे लगता है कि ये पैसे ऐसे उद्देश्य के लिए हैं, जिसे आप एक्सेप्ट करेंगी फरहा।' वहीं, बाकियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि दो दिग्गज को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।

## अनुपमा में आएगा लीप? एक्ट्रेस बनेगी तोषू-पाखी की मां

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो मेकर्स ने जारी कर दिया है। अनुपमा को उसके डांस ने मुंबई में कामयाबी दिलाई और उसकी कुकिंग ने विदेश में सक्सेस दिलवाई, लेकिन अब बारी आई है



उसके एक और टैलेंट को दुनिया के सामने आने की। टीआरपी टॉपर सीरियल ने फिर एक बार रफ्तार पकड़ी है और अनुपमा अपनी पोतियों को लेकर मुंबई आ चुकी है। लेकिन, नया प्रोमो वीडियो हिंट दे रहा है कि अनुपमा अब एक्ट्रेस बनने की तरफ बढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि अनुपमा फिल्म सिटी में शूटिंग देखने जाएगी और यहां पर एक डायरेक्टर उससे कहेगा, 'अब से यही आपकी नई दुनिया है अनुपमा जी।' माना जा रहा है कि अनुपमा को उसका डांस कामयाबी दिलाएगा और एक्टिंग के मामले में भी वो झंडे गाढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो के बैकग्राउंड में अनुपमा कहती है, 'यह मुंबई नगरी है। सपनों की नगरी, मेरे सपने पूरे करने का वक्त आ गया है।' प्रोमो के बैकग्राउंड में बताया गया है- फिल्मी दुनिया में अनुपमा का क्या काम? कमेंट सेक्शन में लोगों ने कयास लगाए हैं कि कहानी में आगे उन्हें कौन से ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिल सकते हैं।

# 25 थिएटर में रिलीज और कमाई 3858 करोड़

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म देखने का अपना अलग मजा है। हॉरर फिल्में सस्पेंस और डर से भरी होती हैं। कुछ हॉरर फिल्में तो ऐसी हैं, जिन्हें अकेले देखने में पसीने छूट जाते हैं। अगर गलती से कोई हॉरर फिल्म रात में देख ली तो वॉशरूम जाना भारी पड़ जाता है और डर के मारे नींद नहीं आती, वो अलग। अब हॉरर फिल्मों में कॉमेडी मसाला एड किया जा रहा है, जिससे फिल्म के हॉरर सीन पर कम और कॉमेडी पर ज्यादा ध्यान जा रहा है। लेकिन, पहले की हॉरर फिल्में सिर्फ और सिर्फ डरावनी हुआ करती थीं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस हॉरर फिल्म के बारे में, जिसे आप गलती से भी अकेले में मत देख लेना. क्योंकि यह गूगल पर यह सबसे डरावनी फिल्म है।

### इस फिल्म को देखने के बाद महीनों तक कांपी लोगों की रूह



### दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म

*बॉलीवुड में बीते साल स्त्री 2 और मुंज्या जैसी हॉरर कॉमेडी फिल्मों ने एंटरटेन किया था, लेकिन जिस फिल्म के बारे में हम बता रहे हैं वो आज से 51 साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आज भी दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म कहा जाता है। गूगल पर सबसे डरावनी फिल्म सर्च करने पर इस फिल्म का ही नाम आता है। इस फिल्म को एक तरह से शापित भी माना गया है। साल 1973 में रिलीज हुई मोस्ट हॉरर फिल्म का नाम 'द एक्सॉर्सिस्ट' है, जो कई देशों में बैन हुई थी। यह हॉरर फिल्म विलियम पीटर के उपन्यास पर बेस्ड है। कहा जाता है कि इस फिल्म को देखने के बाद कई लोगों को सदमा तक लगा गया था। ऐसे में यह फिल्म आयरलैंड, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में बैन हो गई थी।*

### कहानी में है एक मासूम बच्ची

हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' की कहानी बेहद खौफनाक है। फिल्म की कहानी में एक मासूम बच्ची है, जिस पर एक बुरी आत्मा कब्जा कर लेती है। इस बच्ची की मां एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी बेटी की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान हो जाती है। एक्ट्रेस मां अपनी बच्ची को पादरी को दिखाती है और बच्ची पर चढ़े भूत का असर खत्म करवाती है। इस फिल्म का एक-एक सीन रुह कंपा देने वाला है।

# अर्पिता ने शेयर कीं सलीम-सलमा की वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड तस्वीरें

**मुंबई।** सलमान खान के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान (सुशीला चरक) की शादी को 61 साल हो गए हैं। बीती रात परिवार में भव्य अंदाज में दोनों की शादी की सालगिरह मनाई गई। इसी दिन घर की छोटी बेटी अर्पिता खान और आयुष शर्मा की भी वेडिंग एनिवर्सरी होती है। फंक्शन में दोनों जोड़े ने अपनी लाइफ का यह खूबसूरत लम्हा सेलिब्रेट किया, जिसमें पूरा खान परिवार शामिल रहा। अर्पिता खान की शादी एक्टर आयुष शर्मा के साथ हुई है। दोनों साल 2014 में शादी के बंधन में बंधे। कल सलीम और सलमा खान की वेडिंग एनिवर्सरी के साथ-साथ अर्पिता और आयुष की एनिवर्सरी भी सेलिब्रेट की गई।



### तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स

फंक्शन में दो केक काटे गए। एक सलीम खान और सलमा ने काटा और दूसरा केक अर्पिता खान व आयुष शर्मा ने काटा। अर्पिता खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स- सलमान खान, सोहेल खान, अरबाज खान नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सलमान की बहन अलवीरा का परिवार देखा जा सकता है। कुछ करीबी दोस्त और इंडस्ट्री के लोग भी जश्न में शामिल रहे। सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ पहुंचीं। फंक्शन में अर्पिता और सोहेल के साथ उन्होंने क्वालिटी टाइम बिताया। सलीम खान और सुशीला चरक की शादी 18 नवंबर 1964 को हुई। वहीं, आयुष शर्मा और अर्पिता खान शर्मा ने 18 नवंबर 2014 को शादी रचाई।

## अच्छे अभिनय और मेहनत से मिलती है कामयाबी

# पहली ही फिल्म से इंडस्ट्री पर छाईं ये अभिनेत्रियां; आज भी दर्शक हैं दीवाने

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो डेब्यू फिल्म से ही इंडस्ट्री पर छा गईं। इनमें से कई ऐसी एक्ट्रेसेस भी हैं जो फिल्मी दुनिया के बैकग्राउंड से नहीं आती हैं हालांकि उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। इन लोगों ने साबित किया कि अच्छे अभिनय और मेहनत से कामयाबी मिलती है।



### दीपिका

दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' (2007) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके भाव और अभिनय ने लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। फिल्म में वह ग्लैमरस और मासूम दिखीं। इस फिल्म के बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दीं।

### भूमिका

भूमिका चावला उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो रातों-रात स्टार बन गईं। वह साल 2003 में फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान के साथ नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय और भाव ने दर्शकों को मदहोश कर दिया। पहली फिल्म से उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि वह एक अनुभवी अभिनेत्री के तौर पर जानी जाने लगीं।





### प्रीति

1998 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल से' से प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उनके अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म की कहानी के हिसाब से उन्होंने जो अभिनय किया वह अपने आप में मिसाल है। इस फिल्म के बाद प्रीति जिंटा, शाहरुख खान के साथ 'वीर जारा' और 'कल हो ना हो' में नजर आईं।



### अनुष्का

शाहरुख खान की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' (2008) से अनुष्का शर्मा ने बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को अपना कायल बना लिया। वह किसी भी फिल्मी परिवार से नहीं आती हैं लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने अपने अभिनय के बल अपनी जगह बनाई।

### ग्रेसी

आमिर खान की चर्चित फिल्म 'लगान' (2001) से ग्रेसी सिंह ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उन्होंने बहुत ही सधी हुई अदाकारी की। इसमें उनके पारंपरिक लुक और उनकी मुस्कान की दर्शकों ने खूब तारीफ की। उन्होंने साबित किया कि अच्छी अदाकारी करने वाले



## खबर संक्षेप

### बीते साल से अधिक आई पीआर 1121 धान

**उचाना।** बीते साल से अधिक इस बार अब तक पीआर 1121 धान की आवक हुई है। 1509 धान की आवक कम है। अब तक 1509 धान 80447 क्विंटल आ चुकी है। बीते साल इन दिनों 99870 क्विंटल आई थी। इस साल बीते साल के मुकाबले 19423 क्विंटल कम आवक हुई है। धान 1121 अब तक 304101 क्विंटल आ चुकी है।

### डूमरखा से घसो तक होगी आज पद यात्रा

**उचाना।** बुधवार 19 नवंबर को यूनिटी मार्च कार्यक्रम के संकल्प के साथ जिलास्तरीय पद यात्रा आयोजित होगी। मुख्यअतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचेगे। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, मंडल अध्यक्ष सतीश जांगड़ा ने बताया कि डूमरखा कलां के लघु सचिवालय से पद यात्रा शुरू होगी।जो डूमरखा खुर्द से होते हुए घसो के रास्ते घसो के आरोही स्कूल में सम्पन्न होगी।

### खाप पंचायतों के चिंतन शिविर में पहुंचे चौधरी

**जींद।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में आयोजित तीन दिवसीय खाप पंचायतों के चिंतन शिविर में जींद से विभिन्न खाप पंचायतों के चौधरियों ने भाग लिया। शिविर में पंचायत के कार्यक्रम चलाने की बागडोर हरियाणा की खाप पंचायतों को सौंपी गई। चिंतन शिविर के बाद मंगलवार को महापंचायत की अध्यक्षता सोमदत्त शर्मा ने की। मंच संचालन नौगामा खाप पंचायत के प्रधान सुरेश बहबलपुर ने की।

### सुभाष ढिगाना ने 50वीं बार किया रक्तदान

**जींद।** सर्व कल्याण मंच जींद द्वारा स्काई वॉरियर डिफेंस एकेडमी निडानी में स्व. रजनी की दूसरी पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें एक महिला सहित 35 युवाओं ने रक्तदान किया। एसपी कुलदीप सिंह ने मुख्यतिथि शिरकत कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। जबकि मार्केटिंग बोर्ड के अधीक्षक अभियंता नवीन दहिया ने अध्यक्षता की। शिविर में राष्ट्रपति अवार्डी सुभाष ढिगाना ने 50वीं बार रक्तदान किया।

### जिला रोजगार कार्यालय में 21 को लगेगा मेला

**जींद।** जिला रोजगार अधिकारी डा. अंजू नरवाल ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय परिसर में 21 को सुबह दस बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में एसआईएस सिक्योरिटी व श्री श्याम फर्टिलाइजर कंपनी के निदेशकों द्वारा भाग लिया जाएगा। इस मेले में नियोजकों द्वारा प्रार्थियों को सिक्योरिटी गार्ड व फील्ड वर्कर के पदों के लिए चयन किया जाएगा।

### रग्बी लीग में लोधार ने जीता कांस्य पदक

**उचाना।** गत 17 नवम्बर को इंडस ग्लोबल अकैडमी किनाना में आयोजित अस्मिता रग्बी लीग में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोधार ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्राचार्य बीके ने बताया कि रग्बी लीग में विद्यालय की अंडर 15 अंडर 18 की लड़कियों की टीम ने भाग लिया। अंडर.18 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव राजपुरा भैण से युवती के गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव राजपुरा भैण निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से संदिग्ध हालात में गायब हो गई। तलाशने पर कोई सुराग नही लगा।

### चाणक्य स्कूल कसूहन में स्पोर्टस मीट का आयोजन

**उचाना।** चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में वार्षिक स्पोर्टस मीट का आयोजन किया गया। छात्रों ने खेल प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़कर भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल समारोह में स्किपिंग रेस, कोन बैलेंसिंग रेस, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, रिले रेस, वाटर रिले रेस, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और क्रिकेट जैसे रोमांचक खेल आयोजित किए।

### भागल में सांसद खेल महोत्सव के विजेता खिलाड़ियों को सौंपे पुरस्कार

# सांसद नवीन जिन्दल युवाओं की खेलों में रुचि बढ़ाने के लिए प्रयासरत: रविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका/ कैथल

- सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन और खेल को जन-जन तक पहुंचाने की भावना के साथ गुहला के भागल गांव में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने उत्कृष्ट कौशल और दमखम का परिचय दिया। खेल के विभिन्न इवेंट्स में शामिल खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ भाग लेकर प्रतियोगिता को बेहद रोमांचक बना दिया।

कार्यक्रम में पहुंचे कैथल कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल स्वयं एक खिलाड़ी हैं और युवाओं की खेलों में रुचि बढ़ाने हेतु प्रयासरत हैं। सांसद खेल महोत्सव जैसी पहल ग्रामीण स्तर पर प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हुए युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीमवर्क की भावना को मजबूत करते हैं। ब्लॉक कैथल में रस्साकशी पुरूष वर्ग में 11 टीमों ने भाग लिया जिनमें से प्रथम पुरुस्कार भागल की टीम ने प्राप्त किया। वहीं रस्साकशी महिला वर्ग में 10 टीमों ने भाग लिया व पहला पुरुस्कार सरस्वती विद्या मंदिर हरिगढ़ किंगन की टीम को मिला। कबड्डी पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता में 8 टीमों ने भाग लिया व प्रथम पुरुस्कार ग्राम पंचायत, भागल की टीम को मिला। कबड्डी महिला वर्ग की प्रतियोगिता में 6 टीम शामिल रहीं जिनमें से प्रथम स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुंसला की टीम रही। क्रिकेट पुरुष वर्ग में 8 टीमों ने भाग लिया व प्रथम स्थान पर चीका की टीम रही। वहीं क्रिकेट महिला वर्ग में 6 टीमों ने भाग लेते हुए डीएवी कॉलेज, चीका की टीम प्रथम स्थान पर रही। वॉलीबॉल पुरूष वर्ग में भूंसला व महिला वर्ग में भागल की टीमें विजयी रहीं।



कैथल। खेलों में अव्वल रही टीम को सम्मानित करते रविंद्र धीमान व अन्य।

#### ये खिलाड़ी रहे विजेता

कुश्ती महिला वर्ग की 50 किलोग्राम श्रेणी में हरप्रीत कौर, 53 किलोग्राम श्रेणी में तन्नू, 55 किलोग्राम श्रेणी में पावनि, 57 किलोग्राम श्रेणी में सिमरन कौर, 59 किलोग्राम श्रेणी में दीपिका, 62 किलोग्राम श्रेणी में खुशप्रीत कौर, 65 किलोग्राम श्रेणी में काजल, 68 किलोग्राम श्रेणी में सलोनी, 72 किलोग्राम श्रेणी में सिमरनजीत कौर, व 76 किलोग्राम श्रेणी में हरप्रीत कौर प्रथम स्थान पर रहीं। वही कुश्ती पुरुष वर्ग में 57 किलोग्राम श्रेणी में रमेश नांदल, 61 किलोग्राम श्रेणी में जसबीर, 65 किलोग्राम श्रेणी में अभिषेक, 70 किलोग्राम श्रेणी में गुरबख्श सिंह, 74 किलोग्राम श्रेणी में शुभम, 86 किलोग्राम श्रेणी में गुरदीप सिंह, 92 किलोग्राम श्रेणी में गुरदीप सिंह, 97 किलोग्राम श्रेणी में सुखदेव शर्मा, एवं 125 किलोग्राम श्रेणी में शांतिराम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

#### 400 मीटर में सलोनी प्रथम

एथेलेटिक्स महिला वर्ग के खेलों में 100 मीटर रेस में अनामिका, 400 मीटर रेस में सलोनी, 5 किलोमीटर रेस में खुशी, हाई जंप में कमलजीत, लॉन्ग जंप में कमलजीत, शॉटपुट में निधि शीरा, एवं डिस्कस थ्रो में निधि शीरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं एथलेटिक्स पुरूष वर्ग के खेलों में 100 मीटर रेस में मयंक, 400 मीटर रेस में मैक्स कुमार, 5 किलोमीटर रेस में गुरप्रीत, शॉटपुट में श्रीयाल, हाई जंप में अभिषेक, लॉन्ग जंप में संदीप, एवं डिस्कस थ्रो में ध्रुव पहले स्थान पर रहे।

#### ये रहे मौजूद

जुडो महिला वर्ग की 40 किलोग्राम श्रेणी में संजना, 44 किलोग्राम श्रेणी में नैंसी, 48 किलोग्राम श्रेणी में शीतल, 52 किलोग्राम श्रेणी में मुस्कान, 57 किलोग्राम श्रेणी में तमन्ना, 63 किलोग्राम श्रेणी में अंजना, 70 किलोग्राम श्रेणी में सिमरनजीत, एवं 78 प्लस किलोग्राम श्रेणी में कविता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जुडो पुरूष वर्ग की 40 किलोग्राम श्रेणी में हरीश, 45 किलोग्राम श्रेणी में नवनीत, 50 किलोग्राम श्रेणी में जसवंत, 55 किलोग्राम श्रेणी में महिपाल, 60 किलोग्राम श्रेणी में आशीष, 66 किलोग्राम श्रेणी में जोबनप्रीत, 73 किलोग्राम श्रेणी में शुभम, एवं 81 प्लस किलोग्राम श्रेणी में में शैंटी पहले स्थान पर रहे। ज्योति सैनी जिला बीजेपी अध्यक्ष कैथल,एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह , एसएचओ गुहला रेखा रानी, चेयरमैन मार्केट कमेटी चीका जगमाल राणा ,रेखा रानी चेयरपर्सन नगरपालिका चीका , सुखविंदर कौर माजरी चेयरपर्सन ब्लॉक समिति गुहला, सुदेश शर्मा सरपंच गांव भागल, मांगे राम जिन्दल, शैली मुंजाल, गुरमीत कोच, डॉ सतनाम कोच,राजेश कोच, प्रशांत कोच, दिलावर कोच, जोगिंदर कोच,संदीप कोच, सांसद नवीन जिन्दल कार्यालय कैथल प्रभारी रविंदर धीमान, सांसद के हल्का गुलहा प्रभारी कर्मवीर सिसोदिया उपस्थित रहे।



जींद। हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी की 52वीं पुस्तक का विमोचन करते केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल। फोटो : हरिभूमि

### हिंदी और पंजाबी दोनों भाषाओं में लिखी

# केंद्रीय मंत्री ने किया डा. धर्मदेव की ५२वीं पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिक्षाविद तथा लेखक हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी की 52वीं पुस्तक का विमोचन केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर संप्रदाय के वार्षिक दीवान में किया गया। यह पुस्तक पंजाबी में लिखी गई है। जिसमें बाबा बंदा सिंह बहादुर संप्रदाय के 10वें गद्दीनशीन बाबा जतिंदर पाल सोढ़ी की जीवनी और दर्शन का वर्णन किया गया है। यह पुस्तक हिंदी और पंजाबी दोनों भाषाओं में लिखी है। इन दोनों पुस्तकों का विमोचन केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा किया गया। इस मौके पर बाबा जतिंद्रपाल सोढ़ी, हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा तथा अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने विभिन्न विषयों में हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी, संस्कृत तथा हरियाणवी सहित पांच भाषाओं में 52 पुस्तकों की रचना की है। जिसमें इतिहास डीएवी और आर्य समाज योग, महापुरुषों की जीवनियां था बच्चों से संबंधित कहानियां प्रमुख है।

#### संस्कृत के मंत्रों का हिंदी काव्य अनुवाद

दैनिक कर्मकांड और हवन यज्ञ के संस्कृत के मंत्रों का हिंदी काव्य अनुवाद किया है ताकि श्रद्धा हवन यज्ञ करने वाले श्रद्धालु जो संस्कृत नहीं समझ सकते वे हिंदी में समझ कर हवन यज्ञ करें। पिछले एक वर्ष में उन्होंने भारत विभाजन के समय पाकिस्तान से आने वाले 150 जीवित व्यक्तियों से संपर्क कर विभाजन की विभीषिका के कारण और परिणाम पर आधारित दो पुस्तकों की रचना की है। जिसका लोकार्पण तथा सेमिनार का आयोजन शीघ्र ही किया जाएगा। हरियाणवी में उनके अनूठे प्रयोग जारी है तथा हरियाणवी बोली को भाषा बनाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत है।

### कौशल बिजनैस चैलेंज प्रतियोगिता हुई

# जींद: विद्यार्थियों ने विचारशील प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन

**जींद।** खंड शिक्षा कार्यालय में कौशल बिजनेस चैलेंज नामक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें खंड के विभिन्न विद्यालयों से आए कौशल विकास विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी टीमों के साथ भाग लिया। बच्चों ने अपने कल्पनाशील मस्तिष्क और नवोन्मेशी सोच से ऐसे-ऐसे प्रेरणादायक बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किए कि दर्शक और निर्णायक मंडल अभिभूत रह गए। प्रत्येक मॉडल में युवाओं की ऊर्जा, आत्मविश्वास और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की भावना स्पष्ट झलक रही थी। प्रतियोगिता में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद की टीम ने कौशल विकास आईटी की प्रवक्ता रीतू मित्तल के कुशल निर्देशन में स्वदेशी कॉफी फ्लेवर नामक अनूठा व मौलिक मॉडल प्रस्तुत किया। इस विचारशील प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।



जींद। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी बीईओ के साथ।

# आज नवाचार का युग: डॉ. गगन

- आरकेएसडी महाविद्यालय में बिज़नेस प्लान प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी महाविद्यालय में आईईसी सेल एवं स्टार्टअप सेल के संयुक्त तत्वावधान में बिज़नेस प्लान प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुआ। कहा कि आज का युग नवाचार और उद्यमिता का है और विद्यार्थियों को नौकरी पाने से आगे बढ़कर रोजगार सृजक बनने की दिशा में कार्य करना चाहिए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों की सराहना की तथा कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के भीतर नेतृत्व, समझ और प्रायोगिक ज्ञान का विस्तार करते हैं। डॉ. मित्तल ने यह भी कहा कि महाविद्यालय निरंतर इसी प्रकार के अवसर प्रदान करता रहेगा। प्रतियोगिता का सफल संचालन आईईसी सेल की कन्वीनर डॉ. रचना सरदाना और स्टार्टअप सेल के कन्वीनर डॉ. विनय सिंघल के नेतृत्व में हुआ। दोनों ने विद्यार्थियों को व्यवसाय योजना तैयार करने के विभिन्न चरणों पर मार्गदर्शन दिया। कुल 10 टीमों ने अपनी अभिनव बिज़नेस योजनाएँ प्रस्तुत कीं, जिनमें तकनीकी, सामाजिक एवं स्थानीय रोजगार आधारित विषय शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ सहभागिता दिखाई। प्रतियोगिता के प्रतिष्ठित निर्णायक डॉ. अजय शर्मा, डॉ. रचना सरदाना और डॉ. सूरज वालिया रहे।



कैथल। प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में किया मॉडल युवा ग्राम सभा का आयोजन



**कैथल।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम में मॉडल युवा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें अर्जुन अवॉर्डी राजेंद्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं तितरम गांव के सरपंच बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। प्राचार्य उमेश कुमार भारद्वाज ने अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने ग्राम सभा के वास्तविक स्वरूप, ग्रामीण शासन व्यवस्था, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं एवं जनभागीदारी की महत्ता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिसे सभी अतिथियों ने सराहा। मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को ग्रामीण नेतृत्व, सामाजिक जिम्मेदारियों एवं सक्रिय नागरिकता के प्रति प्रेरणादायी संदेश दिया।

### करियर-काउंसलिंग को लेकर कार्यक्रम

**पूंडरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में करियर एवं काउंसलिंग को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अभिप्रेरक के रूप में विवेक कौशिक एवं पूजा कौशिक विशेषरूप से आमन्त्रित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कल की प्राचार्या साधना बख्शी ने की।

इस अवसर पर विवेक कौशिक ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाहरवीं के बाद विद्यार्थियों को सबसे मुश्किल कैरियर को चुनने की होती है। ज्यादातर विद्यार्थी अपना कैरियर चुन ही नहीं पाते। ऐसे में उनके कैरियर को बनाने के लिए काउंसलिंग की जरूरत होती है।

# 36वीं अखिल भारतीय हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता में आदर्श स्कूल छाया

- 10 टीमों के साथ मुकाबला करते टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

राष्ट्रीय स्तर पर 36वीं अखिल भारतीय चार दिवसीय हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता गत 13 नवंबर से 16 तक बाबा सरस्वती विद्या मंदिर मथुरा में आयोजित हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन बृजेश पाठक उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ने किया। प्रतियोगिता में 11 क्षेत्रों के बहुत सारे खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें आदर्श बाल मंदिर उच्च स्कूल नरवाना की हॉकी टीम उत्तर क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करते अखिल भारतीय स्तर पर पहुंची। 10 टीमों के साथ मुकाबला करते टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्तर क्षेत्र में हॉकी की अंडर 17 टीम ;चिराग, साहिल, अंकित, देव,रूद्र लवकुश, मोहित, अमन, हरदीप हर्ष, आर्यन, अक्षित, प्रांजल, आर्यन, कशिशद्ध ने भी 10 टीमों से मुकाबला करते तृतीय स्थान प्राप्त किया। खुशी के अवसर पर प्रबंध समिति अध्यक्ष कृष्ण प्रबंधक दिनेश कोषाध्यक्ष नरेंद्र ग्रोवर एवं समस्त समिति सदस्यों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।



नरवाना। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### महिला कालेज में चलाया हस्ताक्षर अभियान

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की प्राचार्य अंजना लोहान की अध्यक्षता में महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब की इंचार्ज अनीता छाबड़ा के नेतृत्व में एड्स जागरूकता अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान में कॉलेज की सभी प्राध्यापिकाओं के साथ.साथ सभी छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। एडस महामारी जागरूकता अभियान के अन्तर्गत चलाए गए सिग्नेचर कैंपेन में अपने . अपने हस्ताक्षर करके यह प्रण लिया कि वे इस महामारी के प्रति जागरुकता लाने के लिए हरसंभव वो प्रयास करेंगी।

**राजीति** | नगर पालिका प्रधान व 16 पार्षद करेंगे ईवीएम के माध्यम से मतदान

# कलायत नगर पालिका उप प्रधान का चुनाव 21 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत नगर पालिका उप प्रधान चुनाव एसडीएम अजय हुड्डु की देखरेख में 21 नवबंर को चुनाव होगा। इसमें नगर पालिका प्रधान व 16 पार्षद मतदान कर सकेंगे। मतदान के लिए प्रशासन द्वारा ईवीएम मशीन की व्यवस्था की गई है। चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जिला उपायुक्त को सूचना प्रेषित की गई। सुरक्षा की दृष्टि से एसपी को पत्र लिखा गया है। सियासी सरगर्मी की बात की जाए तो पालिका कार्यकारिणी के कुल 17 सदस्यों में से वार्ड 1 से पार्षद कुमारी रेणू धानियां, वार्ड 8 पार्षद महीपाल पंवार, वार्ड 15 से पार्षद कविता कांसल व कुछ दूसरे पार्षद गुपचुप ढंग से उप प्रधान के लिए दौड़ लगा रहे हैं। उप प्रधान चुनाव पर सत्तारूढ़ भाजपा की मुख्य रूप से नजर है। इसके चलते स्थानीय से लेकर प्रदेश की राजधानी तक चुनाव को लेकर हलचल है। निरंतर नेता एक-दूसरे से पल-पल की अपडेट ले रहे हैं। 12 मार्च को आम चुनाव के घोषित परिणाम में देश की आजादी के 77 वर्ष में पहली बार नगर पालिका प्रधान का सीधा चुनाव हुआ। इसमें अंकित राणा प्रधान चुने गए थे। जबकि रेणू धानियां के रूप में वार्ड 1 से एक बेटी पार्षद चुनी गई। एमएससी तक पढ़ी लिखी यह छात्रा ग्राम पंचायत और नगर पालिका से जुड़े कलायत के इतिहास में जन प्रतिनिधि की पगड़ी पहनने वाली पहली बेटी है। अभी तक बहु रानी की स्थानीय सरकार में चौधर की पगड़ी पहनती रही हैं।



#### ये नगर पालिका प्रधान व सदस्यों का विवरण

| पद | नाम | | |
|---|---|---|---|
| प्रधान | अंकित राणा प्रधान | 8 | महीपाल पंवार |
| वार्ड | पार्षद | 9 | जगदीश रायका |
| 1 | रेणू धानियां | 10 | संजय सिंगला |
| 2 | आशीष राणा | 11 | विनोद जेष्ठ |
| 3 | उषा रानी | 12 | अमित बैद |
| 4 | निशा राणा | 13 | रवींद्र निर्मल बंटी |
| 5 | प्रीत जगदेव | 14 | पूनम धीमान |
| 6 | प्रदीप राणा | 15 | कविता कांसल |
| 7 | राजेश राणा | 16 | नीलम यादव |

#### बैठक 21 को होगी

एसडीएम अजय हुड्डा ने बताया कि नगरपालिका कलायत के उप-प्रधान पद के के लिए 21 नवंबर को चुनावी बैठक होनी है। राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के तहत यह बैठक होगी। बैठक के लिए सुबह 10 बजे का समय निर्धारित किया गया है। नवनियुक्त प्रतिनिधियों को दिनांक 25 मार्च को पंचकुला में शपथ दिलाई गई थीं। नामांकन पत्रों की जांच सुबह 11: 30 से दोपहर 12 बजे बजे तक होगी। नाम वापसी का समय दोपहर 12 बजे से दोपहर 12: 30 बजे तक तय रहेगा। मतदान दोपहर 1 से 2 बजे तक। मतदान के तुरंत बाद परिणाम घोषित होंगे।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग) (101 से 150)

❖ अजय पुत्र श्री शिव शंकर निवासी ओल्ड बस स्टैंड, भिवानी ❖ सुनीता देवी धर्मपत्नी श्री प्रदीप कुमार, मयूर विहार, गली नं. 6, सोनीपत ❖ अमित सुपुत्र श्री जयभगवान जुलाना, जीन्द ❖ साहिल सुपुत्र श्री राजबीर जुलाना जीन्द ❖ साहिल पाराशर सुपुत्र श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ, झज्जर ❖ खुशबू पुत्री श्री सोमबीर सिंह निवासी गांव तिगराणा, जिला भिवानी ❖ जयनारायण पुत्र श्री परसराम सुमार निवासी गांव बीरण, जिला भिवानी ❖ रणधीर सिंह पुत्र श्री खेमचन्द, निवासी गांव रोहद, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सचिन कुमार पुत्र श्री सुरेश कुमार निवासी वार्ड नं.15, गांव तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ दीपक पुत्र श्री विश्वनाथ निवासी मकान नं. 106, महम रोड़, नई बस्ती, भिवानी ❖ निधि मोशिम सुपुत्री श्री विजय पाल मौशिम रसूलपुर आजाद बिजनौर, सोनीपत ❖ उर्मिला देव धर्मपत्नी श्री राम स्वरूप, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सीमा धर्मपत्नी श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ, झज्जर ❖ कुलदीप सिंह सुपुत्र श्री बन्शी राम, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ विभव सुपुत्र श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ बिशन चन्द्र सुपुत्र स्व. श्री हजारी लाल, बहलवान छत्ते के पास, नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शंकर लाल भारद्वाज पुत्र श्री रामकुमार निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ श्री महाबीर सिंह सुपुत्र स्व. श्री रतन सिंह, वीपीओ बैयांपुर, सोनीपत ❖ सुभाष धर्मपत्नी श्री राकेश कुमार, 250/10D, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सोनीपत ❖ निशा सुपुत्री आनंद कुमार, म. नं. 530/4, नजदीक बाल विकास स्कूल, जमालपुरा, सोनीपत ❖ प्रवीण कुमार सुपुत्र श्री छोटे लाल, गांव बोचड़िया, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ झम्मन लाल सुपुत्र श्री गणपत सिंह, धनौन्दा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ श्रवण कुमार सिंघल पुत्र श्री देवकी नंदन, निवासी मकान नं.392 वार्ड नं.16, नवादा गली, जैन मंदिर, बहादुरगढ़ ❖ आजाद सिंह अहलावत पुत्र श्री कर्ण सिंह, मकान नं. 842, सेक्टर 2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ जीवेन्द्र पुत्र श्री गजानन्द निवासी गांव सुडना जिला महेन्द्रगढ़ ❖ ज्योति पत्नी श्री श्रीपाल, निवासी गांव कानौंदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पूजा पुत्री श्री मामन सिंह निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ चीकू पुत्री श्री ओमप्रकाश निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ राजेश पुत्र श्री दयानन्द निवासी मकान नं.862/6, जौहरी नगर लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री ज्ञानीराम, गांव भराण पाना जिंदराण, महम, रोहतक ❖ सुनील यादव सुपुत्र श्री बलजीत सिंह, बेरी, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री हवा सिंह सुपुत्र श्री फूल सिंह, गांव बैंसी, तह. महम, जिला रोहतक ❖ तमन्ना पुत्री श्री मनोज कुमार निवासी गांव व डाकखाना तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ उदित पुत्र श्री बलजीत निवासी मकान नं. 302, बिजली बोर्ड कालोनी, भिवानी ❖ श्रीमति संतोषी पत्नी श्री जोगेंद्र, म. नं. 251, वार्ड 12, महम, रोहतक ❖ निरंजन देव पुत्र श्री पं. देवी दत्त निवासी मकान नं. 19/150, नई बस्ती, गली नं. 1, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ रोहित पुत्र श्री जसवंत निवासी गांव मुकन्दपुर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पलक पुत्री श्री मोहित निवासी गांव डाबड़ा जिला हिसार ❖ गुणपाल सिंह पुत्र श्री ठाकुर सिंह निवासी वार्ड नं. 20, गवार फैक्टरी, भिवानी ❖ चरण सिंह भक्त पुत्र श्री धर्मबीर निवासी श्री जोतराम धाम, गांव बादल, जिला चरखी दादरी ❖ जगदीश वर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण निवासी 527, कोंट रोड़, गली नं. 10, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री नमन सुपुत्र श्री कृष्ण लाल, 167/25, गांधी नगर, रोहतक ❖ ज्योति रानी पत्नी श्री जय गोपाल निवासी नया भारत नगर, गोकुल एन्क्लेव, भिवानी ❖ वीना रानी पत्नी श्री मनमोहन निवासी दादरी गेट, कोंट रोड, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री रणबीर सिंह सुपुत्र श्री अमीलाल, 1344/1, लाल बहादुर शास्त्री नगर, रोहतक ❖ श्रीमति साक्षी पत्नी श्री मनमोहन, गांव व डा. अजायब, तह. महम, रोहतक ❖ करतार सिंह पुत्र श्री निहाल सिंह निवासी गांव प्रेम नगर, जिला भिवानी ❖ सुनीता पत्नी श्री पवन निवासी डावर कालोनी, भिवानी ❖ श्री जयबीर सिंह सुपुत्र रामधारी, सूर्य नगर, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्री चंद्र राम सुपुत्र श्री सुलतान सिंह, टैगोर कॉलोनी, माजरा।

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

- कार्यालय पता -

हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**खबर संक्षेप**

### चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी

**जींद।** सेना भर्ती कार्यालय हिसार द्वारा आयोजित भर्ती रैली में भाग लेने वाले सोल्जर टेक्निकल नर्सिंग असिस्टेंट श्रेणी के चयनित उम्मीदवारों की सूची 18 नवंबर को वेबसाईट पर प्रकाशित कर दी गई है। भर्ती निदेशक सेना भर्ती कार्यालय हिसार ने चयनित उम्मीदवार 20 नवंबर 2025 को सुबह आठ बजे सेना भर्ती कार्यालय, हिसार में सभी मूल दस्तावेज के साथ पहुंचे।

### दुर्गा मंदिर को जाने वाली गली की हालत खस्ता

**राजौंद।** शहर के वार्ड नंबर 7 व 8 दुर्गा मंदिर को जाने वाली उबड़-खाबड़ कच्ची गली होने का कारण श्रद्धालुओं के साथ-साथ वार्ड के लोगों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ रही है। आलम यह है की गली के हालात देखकर गली से गुजरा किसी खतरे से खाली नहीं है। बता दे कि यहां जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पेंगा मार्ग पर नए जल घर में पानी के टैंक बनाए जा रहे हैं जिससे मिट्टी के आवर लोडिंग डंपरों ने इस गली को पूरी तरह से तहस नहस करके रख दिया है। अब इनका कार्य संपन्न हो चुका है लेकिन प्रशासन को बार-बार अवगत करवाने के बावजूद गली का निर्माण शुरू नहीं करवाया।

### अनंदोलन को और तेज करेंगे : महेंद्र कुमार

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ बलोक कमेटी कैथल ने नगर परिषद कैथल के प्रागण मे ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान की अध्यक्षता में दूसरे दिन भी धरना-प्रदर्शन किया। इसका संचालन ब्लॉक सचिव विक्कीटॉक ने किया धरना-प्रदर्शन के माध्यम से महेंद्र बिड़लान विक्कीटॉक व जिला प्रधान गौरव टॉक कहा की नगर परिषद कैथल में सफाई का कार्य ईमानदारी से कर रहे 165 सफाई कर्मचारियों को ठेका खत्म होने के बाद नगर परिषद प्रशासन ने उन्हे हटाए कर घर का रास्ता दिखा दिया है।

### सीआर कॉलेज में मनाया शहीदी दिवस

**जींद।** छोटू राम किसान महाविद्यालय में सिखों के 9वें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डा. जगबीर सिंह ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी का जन्म 1621 ईस्वी को अमृतसर में हुआ। वे सिखों के छठे गुरु हरगोबिंद जी के सबसे छोटे पुत्र थे। उन्होंने आगे कहा कि 1675 में मुगल शासक औरंगजेब ने उन्हें इस्लाम स्वीकार करने को कहा। इस पर श्री गुरु तेग बहादुर ने कहा कि शीश कटा सकते हैं, केश नहीं।

### एनसीसी परेड का आयोजन किया

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में मंगलवार को एनसीसी परेड का सुव्यवस्थित एवं अनुशासित आयोजन किया गया। कार्यक्रम के निरीक्षण कर्ता के रूप में कैप्टन अजय कुमार एनसीसी विभाग की गरिमामई उपस्थिति रही। एनसीसी कैडेट्स ने निर्धारित मानकों के अनुरूप ड्रिल मार्च पास्ट एवं सलामी की प्रभावी प्रस्तुति देकर उत्कृष्ट सैन्य अनुशासन समन्वय एवं समय पालन का परिचय दिया। कैप्टन अजय कुमार ने परेड टुकड़ियों का निरीक्षण कर कैडेट्स के प्रदर्शन की सराहना की तथा उच्च आचरण बनाए रखने को प्रेरित किया।

### गायत्री महायज्ञ की तैयारियां तेज

**जींद।** पुष्कर तीर्थ में होने वाले ऐतिहासिक गायत्री महायज्ञ की तैयारी को लेकर स्वामी अनंत विभूषित प्रखर महाराज मंगलवार को सफीदों रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला पहुंचे। इस दौरान ब्राह्मण सभा के प्रधान धर्मवीर पिंडारा के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। इस मौके पर ब्राह्मण सभा के प्रधान धर्मवीर पिंडारा, जुलाना ब्राह्मण सभा के प्रधान देवेंद्र शर्मा, पूर्व प्रधान सियाराम शास्त्री, चन्द्रानंद स्वामी, कृष्ण शर्मा, संस्कृत महाविद्यालय रामराय ने विचार व्यक्त किए।

---

पवित्र कीर्तन यात्रा का भव्य स्वागत, गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन के लिए उमड़ा जनसमूह

# वाहे गुरुजी का खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह से गुंजायमान हुआ जींद

*गुरु तेग बहादुर जी की 350 वीं शहीदी वर्षगांठ पर की जा रही यात्रा पानीपत के लिए हुई रवाना*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद


जींद। नगर कीर्तन की अगुवाई करते हुए पंज प्यारे।



जींद। गोहाना रोड पर पहुंची हिंद की चादर तीसरी शहीदी यात्रा।

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष में फरीदाबाद से चली हिंद की चादर तीसरी शहीदी यात्रा का देर रात सोमवार को जिला जींद में आगमन हुआ। श्रद्धालुओं ने यात्रा का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। मंगलवार को शहीदी यात्रा के साथ शहरभर में नगर कीर्तन निकाला गया और विभिन्न स्थानों पर संगत ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। यात्रा के दौरान वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयकारों से पूरा जिला गुंजायमान रहा।

गुरु घर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन का रोहतक जिला के लाखन माजरा से जींद जिला की सीमा में आगमन हुआ। यात्रा लाखन माजरा से होती हुई सबसे पहले किनाना गांव में पहुंची। वहां से जींद हवेली पर अशरफगढ़ की संगतों द्वारा नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। यहां से नगर कीर्तन सफीदों रोड पहुंचने पर जींद जिला के गुरुद्वारा प्रबंधक समिति सदस्यों द्वारा यात्रा का स्वागत किया। नगर कीर्तन पंज प्यारों की अगुवाई में जींद शहर के सफीदों रोड से परशुराम चौक होते हुए गुरु वीर बंदा बहादुर मार्ग से हिंदू कन्या महाविद्यालय के आगे से होते हुए, रानी तालाब के पास स्थित गुरुद्वारा श्री तेग बहादुर साहिब में पहुंचा। गोहाना रोड पर जोगेंद्र सिंह पाहवा व जींद बार कौंसिल द्वारा एडवोकेट सरिता गांधी के नेतृत्व में जलपान और प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। वहीं यात्रा के लिए शहर में जगह-जगह जलपान और प्रसाद की व्यवस्था रही। जींद पहुंचने पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रुद्राक्ष मिड्ढा व जत्थेदार गुरविंदर सिंह सहित साध संगत ने यात्रा का भावपूर्ण तरीके से अभिवादन किया। इसके बाद मंगलवार को गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष में निकाला गया नगर कीर्तन गोहाना रोड से होते हुए हुई उपमंडल सफीदों के अन्य गांव की तरफ प्रस्थान कर गया।

नगर कीर्तन यात्रा के मार्ग पर सिख समाज के द्वारा जगह जगह पर स्वागत किया गया और प्रसाद बांटा गया। वहीं यात्रा के आगमन पर शहरवासी अपार श्रद्धाभाव से श्री गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शनार्थ पहुंचे। यात्रा में एलईडी वैन के माध्यम से सरकार द्वारा संत महापुरुषों के जीवन वृतांत को भी दिखाया जा रहा था। युवा भाजपा नेता रूद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि यह शहीदी यात्रा शहर के लिए आस्था का प्रतीक रही है। श्री गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म और देश की रक्षा हेतु सर्वोच्च बलिदान दिया। नगर कीर्तन यात्रा गुरु जी के तप, त्याग, विचार और धर्म रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश की जनता को इस यात्रा के माध्यम से बताया जा रहा है कि गुरु तेग बहादुर जी ने किस प्रकार अपने देश और धर्म के लिए अपना बलिदान दिया और उनके साथ उनके सिख भाई मतिदास, भाई सती दास, भाई दयाला जी को भी शहादत मिली। हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अंतरिम सदस्य करनैल सिंह निम्नाबाद ने बताया कि यह ऐतिहासिक यात्रा 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। जहां 25 नवंबर को राज्यस्तरीय भव्य समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं को हमारे पूर्वजों के बारे में जरूर पढ़ना चाहिए और सुनना चाहिए।

### 25 नवंबर को यात्रा कुरुक्षेत्र पहुंचेगी



गुरूघर प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि 25 नवंबर को यात्रा प्रदेश के विभिन्न स्थानों से होती हुई कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। कुरुक्षेत्र में आयोजित विशाल समागम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना संदेश देंगे। यह आयोजन सभी संप्रदायों एवं समाजों की व्यापक भागीदारी और एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह चौगामा, करनैल सिंह निम्नाबाद, गुरविंदर सिंह रत्तक, जत्थेदार गुरजिंदर सिंह, बीबी परमिंदर कौर, मालिक सिंह चीमा, गुरमीत सिंह, कुलदीप सिंह, किरपाल सिंह, सिकंदर सिंह, टहल सिंह, दलबीर सिंह सेठी, दर्शन सिंह, हरबंस सिंह, सतनाम सिंह, इंद्रजीत सिंह, जोगेंद्र सिंह पाहवा, सतनाम सिंह घुम्मण, गुरभेज सिंह, आजाद सिंह, इकबाल सिंह, मेहताब सिंह, देविंद्र सिंह, अंग्रेज सिंह, तरसेम सिंह, यादविंदर सिंह, बलजीत सिंह किनाना आदि उपस्थित रहे।

### मानव अधिकारों के प्रथम महानायक

श्री गुरु तेग बहादुर जी केवल सिख समुदाय या भारत के ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के मानव अधिकारों के प्रथम महानायक है। उन्होंने धर्म और देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी ने अत्याचारों के विरुद्ध धर्म, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी अमर शहादत संपूर्ण मानव समाज को साहस, त्याग के मार्ग पर अग्रसर की प्रेरणा प्रदान करती है।

---

# गुलियाना में करंट लगने से 32 वर्षीय किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

गांव गुलियाना में करंट लगने से 32 वर्षीय किसान की मौत हो गई। किसान मंगलवार को अपने खेत में बरसीन की फसल में पानी देने के लिए गया था। जब वह मोटर चलाने लगा तो अचानक खंभे के पास निकली तार से उसे करंट लग गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव गुलियाना निवासी राजकुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इस संबंध में मृतक की पत्नी मंजू के बयान पर इत्तफाकिया मौत की धाराओं के तहत कार्रवाई की है। मृतक की पत्नी मंजू ने बताया कि उसका पति खेती करता है। वह शाम को अपने खेत में पानी देने के लिए गया था, लेकिन वहां पर उसे करंट लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार में दो बेटे व एक बेटी है। बताया कि उनके पति परिवार के अकेले ही कमाने वाले थे।

### शव परिजनों को सौंपा

किठाना चौकी इंचार्ज शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस को करंट लगने से किसान की मौत की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम मौक पर ही घटनास्थल पर पहुंची। अब पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में मृतक की पत्नी के बयान पर इत्तफाकिया मौत की धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

### जेबकतरे ने 40 हजार रुपये उड़ाए

**कैथल।** कस्बा कलायत के बस स्टैंड से एक जेबकतरा एक व्यक्ति की जेब से 40000 की राशि निकाल कर फरार हो गया। देवबन के सुख सिंह ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 नवंबर को वह कहीं जाने के लिए कलायत के बस स्टैंड पर खड़ा था। जैसे ही वह बस में चढ़ा तो उसने पाया कि उसकी जेब से 40 हजार की राशि गायब है। उसने आरोप लगाया कि कोई जेबकतरा ने उसकी जेब पर हाथ साफ किया है।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** सीवन के कांगथली रोड पर बाइक की चपेट में आने से एक स्कूटी चालक घायल हो गया। कांगथली के रामफल ने सीवन थाना पुलिस को शिकायत में बताया कि जब वह 13 नवंबर को अपनी स्कूटी पर सवार होकर कांगथली से जा रहा था तो बलवान नामक व्यक्ति ने अपनी बाइक को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। उसने बताया की टक्कर लगने के कारण वह सड़क पर जा गिरा।

### हमला करने के मामले में बेल जंपर आरोपी काबू

**कैथल।** ऑपरेशन ट्रेक डाउन के तहत कैथल पुलिस ने 2022 दौरान के कातिलाना हमला करने के मामले में भगोड़े आरोपी को चौकी महमूदपुर पुलिस द्वारा काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी महमूदपुर पुलिस प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की टीम द्वारा बेलजंपर आरोपी गांव गाजेवास पंजाब निवासी गुरजेंट को काबू कर लिया गया। आरोपी पर 15 अगस्त 2022 को गांव गढ़ी नजीर शराब ठेका के पास कहासुनी होने उपरांत एक व्यक्ति पर कातिलाना हमला करने का आरोप है।

---

# बिहार जीत पर भारत भूषण टाक सम्मानित

■ भाजपा जिला कार्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। भारत भूषण का सम्मानित करते हुए।

भाजपा जिला कार्यालय में बिहार चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर उल्लास बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की शानदार व ऐतिहासिक जीत पर उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। जीत की खुशी में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मिल कर लड्डू बांट कर जश्न मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र ढुल ने की। जबकि इसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा तथा जिला प्रभारी जींद मदनलाल गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास, सुशासन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही नीतियों पर भरोसा जताया।बिहार चुनाव में जिला जींद से गए डॉ. भारत भूषण टाक को लखीसराय सीट का प्रवासी प्रभारी नियुक्त करके भेजा था।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला महामंत्री पुष्पा पायल, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष बबलू गोयल, नरेंद्र शर्मा, कृष्ण रेढ्डू, रवि आर्य, गुलशन रोहिल्ला, विकास, साधुराम सांगवान, रामफल शर्मा, नीरज गोस्वामी, सुनीता धीमान, राजेश नायक, अश्वनी कांगड़ा सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंतर महाविद्यालय सर्कल कबड्डी स्पर्धा में जुलाना की टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उचाना


उचाना। अंतर महाविद्यालय सर्कल कबड्डी में विजेता टीम।

राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना के प्रांगण में दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रुप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रणवीर कोशल ने विजेता टीम को मेडल पहनाए।

डॉ. कौशल ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वच्छ दिमाग निवास करता है। दूसरे दिन सर्कल कबड्डी का फाइनल मुकाबला राजकीय कॉलेज जुलाना व यूटीडी जींद के बीच हुआ। प्रतियोगिता में राजकीय कॉलेज जुलाना की टीम ने एक तरफा मुकाबला 16-37 से जीता। राजकीय कॉलेज जुलाना प्रथम, यूटीडी जींद द्वितीय, राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना और राजकीय कॉलेज जींद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अजमेर, मनीराम, रामपाल कोच, संदीप कोच, जितेंद्र कोच, विरेंद्र कोच ने निर्णायक मंडल के तौर पर भूमिका निभाई।

---

# पूर्व सैनिकों ने हवलदार शमशेर डीग को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

■ पुष्पचक्र अर्पित कर दिवंगत सैनिक को अंतिम नमन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



भारतीय सेना के विद्युत-यांत्रिक अभियंता कोर में 20 वर्ष तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए पूर्व सैनिक हवलदार शमशेर सिंह गांव डीग का लंबी बीमारी के कारण हिसार के जिंदल अस्पताल में निधन हो गया। सूचना मिलते ही पूर्व सैनिक कल्याण संघ कैथल का प्रतिनिधिमंडल परंपरानुसार उनके पैतृक गांव डीग पहुंचा और सैन्य सम्मान के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। संघ की ओर से रिसालदार मेजर गोपीचंद करोड़ा, सूबेदार मेजर खजान सिंह, हवलदार राजपाल बालू, सूबेदार बलबीर सिंह माजरा, हवलदार बाबूराम ने उनके पार्थिव शरीर पर राष्ट्रीय ध्वज ओढ़ाया और अंतिम यात्रा में सम्मिलित हुए। शमशान स्थल पर संघ के प्रधान जगजीत फौजी ने पुष्पचक्र अर्पित कर दिवंगत सैनिक को अंतिम नमन किया। इस अवसर पर सूबेदार महेंद्र सिंह रमाणा, हवलदार राममेहर दास, सूबेदार ओमप्रकाश डीग, सार्जेंट रामफल हाट, हवलदार दर्शन सिंह सहित अनेक पूर्व सैनिकों, अर्धसैनिक बलों के जवानों, परिजनों और ग्रामीणों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### कलायत में 20 को जमेगा खेल दंगल

**कलायत।** कलायत खंड में 20 नवंबर को सांसद नवीन जिंदल के नेतृत्व में भव्य सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इस कड़ी में मंगलवार को कलायत स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में सांसद नवीन जिंदल कैथल कार्यालय प्रभारी रवींद्र धीमान ने भाजपा पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं, नगरपालिका, मार्किट कमेटी जन प्रतिनिधियों व विभिन्न संगठन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। अध्यक्षता कलायत भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत ने की। रवींद्र धीमान ने बताया कि खेल महोत्सव के तहत प्रतियोगिताएं की जाएंगी।


ढांड। प्राचार्य डा. ऋषिपाल खिलाडियों को सम्मानित करते हुए

### बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज के खिलाडियों ने जीता स्वर्ण

**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज, कौल के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने बताया कि महाविद्यालय के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 13–14 नवंबर 2025 को आयोजित इंटर कॉलेज कुश्ती प्रतियोगिता में कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। डॉ. ऋषिपाल ने जानकारी दी कि विनीत ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं अमन ने 92 किलोग्राम भार वर्ग में तीसरा स्थान हासिल करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों के पीछे खिलाड़ियों का कठिन परिश्रम, नियमित अभ्यास और खेलों के प्रति समर्पण मुख्य कारण रहा है। प्राचार्य ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और मानसिक दृढ़ता का विकास करते हैं।

### गलत पार्किंग से रेलवे रोड पर रहता है जाम

**उचाना।** उचाना शहर के सबसे प्रमुख रेलवे रोड पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। फसल सीजन में यह समस्या भी अधिक बढ़ जाती है। अव्यवस्थित वाहनों के सड़क पर खड़ा करने के कारण आए दिन दुकानदारों व चालकों के बीच झगड़े की स्थिति बन जाती है। गाड़ी चालक वाहनों को सड़क पर खड़ा कर घंटो तक गायब हो जाते हैं। हर रोज स्कूल बस वाहन घंटो जाम मे फंसे रहते हैं। दुकानदार संदीप, देवी प्रसन्न, बलराम ने कहा कि जो वाहन सड़क पर खड़े है उनके चालान काटे जाए और पुलिस गश्त समय समय पर होती रहे ताकि वाहन सड़क पर खड़ा करके वाहन चालक न आए।

---

अंतराष्ट्रीय पुरुष दिवस पर हृदय-छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली ने दी जानकारी

# पुरुषों की प्रत्याशा महिलाओं से करीब 8 साल कम

*स्वयं के मजबूत होने के मिथ में फंसे हैं दुनिया भर के पुरुष*

सूरज सहारण ▸▸ कैथल


डॉ.शैलेंद्र ममगाई शैली

भारत में पुरुषों की औसत जीवन प्रत्याशा महिलाओं के मुकाबले करीबन 8 साल कम है। सिर्फ उम्र के मामले में ही नहीं, पैदा होने के बाद सरवाइव करने के मामले में भी पुरुष महिलाओं से पीछे हैं और तथा हर साल बीमारियों से मरने वालों में पुरुष और महिलाओं में 12 से 14 फ़ीसदी का फर्क है। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस' की पूर्व संध्या पर पूर्व सिविल सर्जन एवं जाने-माने हृदय-छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली ने दी। 2021 के नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ऑफ इंडिया के आंकड़ों के हवाले से उन्होंने बताया कि भारतीय पुरुष अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। देश में 72.5 फीसदी आत्महत्या पुरुषों द्वारा की जाती हैं; 40 फ़ीसदी पुरुष इस दौर में भी अपनी मानसिक स्वास्थ्य की समस्या को परिवार से छुपाते हैं।

2017 के आंकड़ों के मुताबिक अलग-अलग रेंडम स्वास्थ्य पड़ताल में पाया गया था कि करीबन 1.97 करोड़ पुरुष किसी न किसी तरह की मानसिक समस्या से ग्रस्त थे। डॉ.शैली के मुताबिक दुनिया में लगभग 4.14 अरब पुरुष हैं,जो विश्व आबादी का लगभग 50.27 फ़ीसदी है। दुनिया के हर समाज में चाहे वह अफ्रीकन कबिलाई समाज हो, चाहे यूरोप का आधुनिक समाज

### भावनाएं व्यक्त नहीं कर पाते पुरुष

डॉ. ममगाईं ने बताया कि दरअसल पुरुषों की समस्या है कि वे अपनी भावनाएं व्यक्त नहीं कर पाते; इसलिए दुनिया का हर पुरुष कमजोर होने के बाद भी इस बात से डरता है कि उसे कोई दूसरा कमजोर न समझे। इस दौर की एक बड़ी समस्या यह भी है कि कामकाज की डिजिटल संस्कृति ने पुरुषों का लाइफ-बैलेंस बिल्कुल बिगाड़ कर रख दिया है। सोशल मीडिया द्वारा भले ही पुरुषों की अनेक काल्पनिक छवियां प्रस्तुत की जाती हों;लेकिन विश्व के श्रम पर नजर रखने वाले संगठन जानते हैं कि अभी भी जीडीपी ओरिएंटेड तकरीबन 70 फ़ीसदी काम दुनिया के पुरुष ही करते हैं। आज जब ज्यादातर मामलों में मशीनें पुरुषों से बेहतर हैं,तो पुरुष इस दबाव में जीते हैं कि मैं अच्छा काम कर रहा हूं या नहीं, कहीं मैं दूसरों से पीछे तो नहीं रह जाऊंगा। यह एक ऐसी भावना है जो पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य को सबसे ज्यादा प्रभावित करती है आज भी ज्यादातर पुरुष स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण चेकअप करने से कन्नी काट जाते हैं और इसीलिए पुरुषों की ज्यादातर गंभीर बीमारियां समय रहते पकड़ में नहीं आती। और यह आंकड़ा तो दुनिया में हर कोई जानता है कि हर देश में पुरुष महिलाओं के मुकाबले कम जीते हैं।

# लूटपाट और ब्लैकमेल करने का वांछित चौथा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

कबाड़ी का सामान बेचने के बहाने बुलाकर लूटपाट व ब्लैकमेल करने के मामले की जांच थाना शहर पुलिस के इंस्पेक्टर वेदपाल की टीम द्वारा करते हुए आरोपी सिरटा रोड़ कैथल निवासी गुरदीप उर्फ दिपा को काबू कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव मटौर निवासी सोनू की शिकायत अनुसार उसकी गांव में कबाड़ी की दुकान है। 24 मई को उसे एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें एक महिला ने कबाड़ी का सामान बेचने के बहाने कैथल बुलाया। महिला के कहने पर वह बाइक से कैथल के चीका चौक पहुंचा, जहां वही महिला उसे मिली और अपने घर पर सामान दिखाने के बहाने ले गई। घर के अंदर जाते ही कमरे में पहले से मौजूद 1 लड़की, 1 महिला, 4 लड़के और 1 बुजुर्ग ने उसे कमरे में बंद कर दिया। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, जेब से 10,000 रुपये नकद निकाल लिए और जबरन 40,000 रुपये गूगल पे के माध्यम से ट्रांसफर करवा लिए। जब उसने फोन का लॉक खोलने से इंकार किया तो आरोपियों ने एक लड़की के साथ उसकी अश्लील वीडियो और फोटो बना ली तथा धमकी देकर ब्लैकमेल किया।